श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड-२४९१९९

Sri Dev Suman Uttarakhand University

Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199

पत्रांकः 4517 / एस0डी0एस0यू0वी / परीक्षा / 2023–24 दिनांकः 13 / 02 / 2024

सेवा में

प्राचार्य / निदेशक

समस्त सम्बद्ध बी0एड0 राजकीय / स्ववित पोषित / अल्पसंख्यक एवं बी0एड0 इंटीग्रेटेड संस्थान।

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल

टिहरी गढवाल।

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2023–24 की बी0एड एवं बी0एड0 इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों की परीक्षा आवेदन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से किये जाने विषयक।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 9502 / प्रशासन / एसडीएसयूवी / 2023, दिनांक 13 फरवरी, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थानों के शैक्षणिक सत्र 2023–24 की बी0एड0 एवं बी0एड0 इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों की परीक्षा आवेदन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरित की जानी है। जिस हेतु समस्त संम्बद्व बी0एड0 / बी0एड0 इंटीग्रेटेड महाविद्यालय / संस्थानों को सूचित किया जाता है, कि आप अपने संस्थान / महाविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रवेशित अभ्यर्थियों सूची संलग्न प्रारूप में दिनांक 16.02.2024 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट कीजिएगा। साथ ही प्रथम द्वितीय एवं तृतीय काउन्सिलिंग की सूची एवं निर्धारित शुल्क जमा सम्बन्धी अभिलेख भी प्रेषित करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त समस्त अपेक्षित सूची जारी किये गये प्रारूप में नोडल अधिकारी समर्थ ई0मेल0 आईडी0 **aecmainsdsuv@gmail.com** पर दिनांक 16.02.2024 तक शायं 05:00 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें संलग्न डाटा समर्थ टीम दिल्ली को प्रेषित किया जाना है, निर्धारित तिथि के पश्चात किसी प्रकार का डाटा प्रेषित किया जाना सम्भव नही होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय / संस्थान की होगी।

डॉ0(बी0एल0आर्य)
नोडल अधिकारी
समर्थ

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु तथा अवलोकनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति,मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय।
3. परीक्षा नियन्त्रक महोदय।
4. वित्ताधिकारी महोदय।
5. कार्यालय प्रति।

डॉ0(बी0एल0आर्य)
नोडल अधिकारी
समर्थ